**शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली**

**मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र (सत्र : 2026-27)**

**विषय: हिंदी कक्षा: 5**

**अवधि: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 50 अंक**

---

**सामान्य निर्देश:**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्न-पत्र को चार भागों में बाँटा गया है
  - ➢ भाग क (पठन) - 10 अंक
  - ➢ भाग ख (लेखन) - 10 अंक
  - ➢ भाग ग (व्याकरण) - 10 अंक
  - ➢ भाग घ (पाठ्यपुस्तक) - 20 अंक
- प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

---

**भाग-क (पठन)**

**1.दिए गए गद्यांश को पढ़िए।** **(5)**

बुआ के घर में एक बड़ा सा पेड़ था। उस पेड़ पर फुदकती हुई गिलहरी को देखकर मैंने उत्साह से कहा, "बुआ! आपने यह सुंदर गिलहरी कहाँ से खरीदी है? मैं भी ऐसी ही गिलहरी लूँगा और उसे प्रेम से पालूँगा।" बुआ ने मुस्कुराते हुए कहा, "बेटा, मेरे घर में पेड़ है और पेड़ होने के कारण गिलहरी यहाँ अपने आप ही आ जाती है। उस पेड़ की डालियों पर देखो, वहाँ कई चिड़ियाँ भी बैठी हैं। इन चिड़ियों को मैंने नहीं पाला है, बल्कि पेड़ होने की वजह से वे यहाँ आ गई हैं। यदि तुम भी अपने घर में पेड़ उगा लो, तो तुम्हारे यहाँ भी गिलहरी आ जाएगी। जब बाहर तेज़ धूप होगी, तब पेड़ के नीचे ठंडी छाया रहेगी और तुम्हें उस छाया में खेलना बहुत अच्छा लगेगा।

**गद्यांश पढ़कर सही उत्तर चुनिए-**

**क. बुआ के घर में क्या था ?**

i. दुकान

ii. कुत्ता

iii. पेड़

iv. झूला

**ख. बच्चे ने पेड़ पर किसे देखा था?**

i. गिलहरी

ii. भालू

iii. बंदर

iv. साँप

**ग. बुआ के अनुसार गिलहरी कहाँ से आई?**

i. दुकान से अपने आप आ गई

ii. तालाब से अपने आप आ गई

iii. पेड़ होने से अपने आप आ गई

iv. दुकान मेले से अपने आप आ गई

**घ. पेड़ पर गिलहरी के अलावा और कौन बैठा था?**

i. तोता

ii. चिड़िया

iii. कबूतर

iv. कौवा

**ड़. 'घर' शब्द का समानार्थी शब्द है -**

i. दुकान

ii. सड़क

iii. मकान

iv. आँगन

**2. "वीणा" पाठ्य पुस्तक से ली गई कविता 'चाँद का कुरता' को पढ़िए।** **(5)**

हठ कर बैठा चाँद एक दिन, माता से यह बोला,
"सिलवा दो माँ, मुझे ऊन का मोटा एक झिंगोला।

सन-सन चलती हवा रात भर, जाड़े से मरता हूँ,
ठिठुर -ठिठुरकर किसी तरह यात्रा पूरी करता हूँ ।

आसमान का सफर और यह मौसम है जाड़े का,
न हो अगर तो ला दो कुरता ही कोई भाड़े का।”

बच्चे की सुन बात कहा माता ने, “अरे सलोने!
कुशल करें भगवान, लगें मत तुझको जादू -टोने।

**कविता के आधार पर सही उत्तर चुनिए-**

**क. चाँद अपनी माँ से क्या सिलवाने का हठ कर रहा है?**

i. पतला कुरता
ii. ऊन का झिंगोला
iii. रेशमी चादर
iv. पतला कंबल

**ख. मौसम कैसा है?**

i. गर्मी का
ii. बरसात का
iii. जाड़े का
iv. वसंत का

**ग. चाँद आसमान में कैसे यात्रा पूरी करता है?**

i. हँस-हँसकर
ii. रो-रोकर
iii. ठिठुर-ठिठुरकर
iv. भाग-भाग कर

**घ. 'झिंगोला' शब्द का क्या अर्थ है?**

i. ढीली-ढाली टोपी
ii. ढीला-ढाला जूता
iii. ढीला-ढाला कुर्ता
iv. ढीली-ढाली पगड़ी

**ङ़. कविता में दिए गए 'सफर' शब्द का समानार्थी शब्द कौन सा है?**

i. घर

ii. यात्रा

iii. रुकना

iv. ठहरना

**भाग-ख (लेखन)**

**3.“साङ्केन” पाठ को पढ़ते हुए साङ्केन त्योहार के बारे में जानकर आपके मन में क्या विचार आए। पत्र लिखकर अपने मित्र को बताइए।** **(5)**

प्रिय मित्र_______

आशा है तुम ठीक हो। ______________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

_____________________

______________________

**अथवा**

प्रधानाचार्य को दिल्ली भ्रमण के लिए ले जाने का निवेदन करते हुए एक पत्र लिखिए।

____________________________________

____________________________________

____________________________________

____________________________________

____________

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

____________________

________________

________________

4. नीचे दी गई कहानी को पूरा कीजिए। (5)

कुछ सालों पहले की बात है, मीनाक्षी गर्मी की छुट्टियों मे अपनी नानी के घर गई हुई थी। एक दिन ________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

**अथवा**

**आपके सपनों का विद्यालय कैसा होना चाहिए ? कुछ वाक्यों में वर्णन कीजिए।**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**भाग-ग (व्याकरण)**

**5. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए** **(5x1)**

**क. नीचे दिए गए शब्दों को हिंदी वर्णमाला के क्रम में लगाइए।**

करेला, जल, नमकीन, मटका, समर

__________ __________ __________ __________ __________

**ख. रेखांकित शब्द का विपरीत अर्थ रिक्त स्थान में भरिए।**

मेरे **<u>जागने</u>** और ______________ का समय निश्चित है।

**ग. विशेषण शब्द पर गोला लगाइए।**

एक दिन लड़कों का एक बड़ा झुंड वहाँ खेल रहा था।

**घ. 'हवा' का एक समानार्थी शब्द लिखिए ।**

____________

**ड़ शुद्ध वर्तनी वाले शब्द पर गोला लगाइए -**

मूरतियाँ मूर्तियाँ मूर्तिया

**6. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5x1)**

**क. नीचे दिए गए मुहावरे का अर्थ लिखिए**

दाँत खट्टे करना -______________________________________________

**ख. सर्वनाम शब्द पर गोला लगाइए**

वह जल्दी-जल्दी नाव चलाकर दूर निकल गया।

**ग. क्रिया शब्द पर गोला लगाइए**

शेर हिरण के पीछे तेज़ी से भागा।

**घ. दिए गए वाक्य के लिए एक शब्द लिखिए।**

वर्ष में एक बार होने वाला - ______________________________

**ड़ रिक्त स्थान भरिए**

दूध की ____________________ (बाल्टी/टोकरी)

**भाग-घ (पाठयपुस्तक)**

**7. दिए गए प्रश्नों के उतर दीजिए** **(5x2=10)**

**क. साङ्केन का त्योहार क्यों मनाया जाता है?**

________________________________________________

**ख. राजा को लड़के द्वारा न्याय करने के विषय में कैसे पता चला?**

________________________________________________

**ग. भगवान बुद्ध का मंदिर कहाँ बना हुआ था?**

________________________________________________

**घ. 'चतुर चित्रकार' कविता में चित्रकार ने शेर को क्या कहकर पुकारा था?**

________________________________________________

**ड़. राजा ने उपवास और प्रायश्चित क्यू किया?**

________________________________________________

**8. किरन बालिका को जगाने के बाद उसे कहाँ ले जाती है और क्यों?** **(3)**

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

**अथवा**

प्रकृति हमें क्या-क्या देती है और हम प्रकृति के लिए क्या-क्या कर सकते हैं?

9. चाँद की माँ उसे झिंगोला सिलवा कर देने से क्यों घबराती है? (3)

10. सेठ के यहाँ सुंदरिया (गाय) ने दूध देना क्यों कम कर दिया था? (4)

अथवा

हीरासिंह ने अपनी गाय का नाम सुंदरिया क्यों रखा होगा और वह उसे क्यों नहीं बेचना चाहता था?